मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया-CIE ने की यूनिसेफ के साथ बाल अधिकार और पर्यावरण पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला आयोजित**

नई दिल्ली, 05 जून, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (CIE) ने अपने रेडियो4चाइल्ड प्लेटफॉर्म के तहत यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में नॉलेज पार्टनर के रूप में भागीदारी की। 3 जून 2025 को आयोजित कार्यशाला में अग्रणी रेडियो प्रोफेशनल्स, प्रोग्रामिंग हेड्स और छात्रों ने दो महत्वपूर्ण विषयों - विश्व पर्यावरण दिवस और अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर फोकस किया।

कार्यशाला में ऑल इंडिया रेडियो, निजी एफएम चैनलों और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के 30 से अधिक रेडियो और मीडिया प्रोफेशनल ने भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और हर दिन खेल चुनने के विषयों के बारे में जागरूकता पैदा करने और तरफदारी करने के उद्देश्य से - क्रमशः विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) और अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस (11 जून) पर सामग्री निर्माण अभ्यास में भाग लिया।

इस पहल के तहत जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 17 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समूह गतिविधियों के दौरान नए विचारों और रचनात्मकता का योगदान दिया। उनकी उपस्थिति ने प्रोफेशनल और महत्वाकांक्षी मीडिया प्रोफेशनल के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को समृद्ध किया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के निदेशक प्रोफेसर रिहान खान सूरी एक प्रतिष्ठित वक्ता के रूप में कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और खेल के माध्यम से बच्चों की भलाई को बढ़ावा देने में नवाचार और युवा भागीदारी को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। उनके संबोधन ने छात्रों को मीडिया के नेतृत्व वाले सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय रूप से भाग लेने और प्रभावशाली स्टोरीटेलिंग के लिए अपनी आवाज़ का जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों ने टॉक शो, पीएसए और रेडियो स्पॉट सहित आकर्षक रेडियो सामग्री विकसित की। ये रेडियो4चाइल्ड अवार्ड्स में प्रस्तुत करने के लिए पात्र होंगे, जो बाल-केंद्रित रेडियो स्टोरीटेलिंग में उत्कृष्टता को पहचान देते हैं।

अपने उद्घाटन भाषण में, यूनीसेफ इंडिया के उप-प्रतिनिधि - कार्यक्रम, अर्जन डे वाग्ट ने बाल अधिकारों और पर्यावरण जागरूकता की तरफदारी करने में रेडियो पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "रेडियो सूचना देता है, सुनता है और प्रतिक्रिया देता है। चाहे वह जलवायु-सचेत व्यवहार को बढ़ावा देना हो या बच्चों के खेलने के अधिकार का समर्थन करना हो, इस माध्यम में उन आवाज़ों को बढ़ाने की शक्ति है जो मायने रखती हैं।"

सीआईई-जेएमआई युवा मीडिया प्रोफेशनल की आवाज़ को बुलंद करने और उन्हें महत्वपूर्ण सामाजिक कारणों में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने वाला एक मंच प्रदान करने के लिए यूनीसेफ की दिल से सराहना करता है।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया